# नगर विकास एवं आवास विभाग

श्री जय प्रकाश मंडल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग पटना द्वारा दिनांक 03.02.2017 को **मुरलीगंज, नगर पंचायत** में चल रहे योजनाओं की समीक्षा की गयी जो निम्नवत है:-

## सबके लिए आवास योजना

नगर पंचायत, मुरलीगंज में HFA के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016- 17 में कुल लक्ष्य 786 निर्धारित है। जिसमें से मकान के लिए नीव खुदाई के पश्चात 425 लाभुकों का फोटोग्राफी किया गया जिसे नगर विकास के वेवसाइट पर अपलोड किया गया, जिन्हें प्रथम किस्त के रूप में 50,000 (पचास हजार) रूपये मात्र प्रति लाभुक को भुगतान किया गया है। मो0 जहाॅगीर आलम, पिता मो0 मुस्ताक, काशीपुर वार्ड न0-03, मुरलीगंज के अभिलेख का सत्यापन किया। नोटरी से निर्गत शपथ- पत्र अभिलेख में देखा, जमीन से संबंधित लगान रसीद की छाया प्रति जो मो0 जहाॅगीर के नाम से वर्ष 2011-12 तक कटा हुआ है। साथ ही आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, अभिलेख में संधारित है। सबके लिए आवास 2015 हेतु आवेदन प्रपत्र (ख) का मुल प्रति अभिलेख में संधारित है। एकरारनामा सह शपथ-पत्र भी अभिलेख में संधारित है। कायदिश भी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा निर्गत है, जिसमें पूर्ण ब्योरा अंकित है।

लाभुक को प्रथम किस्त की राशि देने के पूर्व जाॅच दल द्वारा आवास स्थल का सत्यापन किया गया है। जो अभिलेख में सुरक्षित है। प्रथम किस्त के रूप में 50,000=00 (पचास हजार) की राशि प्रति लाभुक की दर से 425 लाभुक को एवं द्वितीय किस्त के रूप में 44 लाभुक को 100000=00(एक लाख) की राशि प्रति लाभुक दिया गया है।

मो0 जहाॅगीर को प्रथम किस्त के रूप में 50000=00(पचास हजार) रूपया उनके खाता संख्या 584910110012372 बैंक ऑफ इंडिया मुरलीगंज में एडवाईस संख्या 1026 दिनांक 05.11.2016 के द्वारा बैंक को भेजा गया है।

समीक्षा के दौरान यह पता चला कि कुछ लाभुकों का रिकार्ड खोलना बांकी रह गया है। विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए शेष लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि उनके खाते में RTGS उपलब्ध कराने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मुरलीगंज को दिया गया है।

## स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

मुरलीगंज नगर पंचायत में कुल 15 वार्ड है। विभाग के निर्देश पर किये गये सर्वे के अनुसार कुल परिवारों की संख्या 7067 है। वैसे परिवारों की संख्या जिनके पास शौचालय उपलब्ध नहीं है 5566 है। जिन्हें शौचालय उपलब्ध नहीं है उनमें से 4275 लाभुकों के द्वारा आवेदन शौचालय हेतु समर्पित किया गया है। वैसे लाभुक जिन्हें शौचालय

नहीं है उसमें से 4604 लाभुकों के पास शौचालय बनाने हेतु जमीन उपलब्ध है। वैसे लाभुक जिन्हे जमीन उपलब्ध नहीं है ९62 है।

लाभुकों के द्वारा ऑफलाइन एवं ऑन लाइन मिलाकर कुल आवेदन 3875 दिया गया है। उसमे से सत्यापित लाभुकों की संख्या 942 है, जिसमें से 827 को प्रथम किस्त के रूप में मो0 7500.00 (सात हजार पॉच सौ) रूपये प्रति लाभुक की दर से दिया गया है। 125 लाभुकों को 4500.00 (चार हजार पॉंच सौ) प्रति लाभुक की दर से द्वितीय किस्त के रूप में उनक खाते में उपलब्ध कराया गया है। विवरणी निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | वित्तीय वर्ष | ज्ञापांक | दिनांक | लाभुकों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 01 | 2016-17 | 80 | 30.01.2017 | 07 |
| 02 | | 74 | 27.01.2017 | 45 |
| 03 | | 70 | 25.01.2017 | 49 |
| 04 | | 69 | 25.01.2017 | 31 |
| 05 | | 68 | 25.01.2017 | 30 |
| 06 | | 67 | 25.01.2017 | 30 |
| 07 | | 1250 | 29.12.2016 | 09 |
| 08 | | 37 | 12.01.2017 | 38 |
| 09 | | 1229 | 21.12.2016 | 19 |
| 10 | | 1218 | 19.12.2016 | 01 |
| 11 | | 1217 | 19.12.2016 | 16 |
| 12 | | 1179 | 06.12.2016 | 42 |
| 13 | | 1133 | 30.11.2016 | 21 |
| 14 | | 1125 | 28.11.2016 | 22 |
| 15 | | 751 | 09.09.2016 | 89 |
| 16 | | 593 | 22.07.2016 | 19 |
| 17 | | 782 | 16.09.2016 | 10 |
| 18 | | 740 | 08.09.2016 | 17 |
| 19 | | 680 | 20.08.2016 | 14 |
| 20 | | 641 | 09.08.2016 | 21 |
| 21 | | 623 | 05.08.2016 | 10 |
| 22 | | 518 | 23.07.2016 | 04 |
| 23 | | 563 | 19.07.2016 | 11 |
| 24 | | 750 | 09.09.2016 | 05 |
| 25 | | 731 | 06.09.2016 | 13 |
| 26 | | 705 | 29.08.2016 | 08 |
| 27 | | 679 | 20.08.2016 | 07 |
| 28 | | 626 | 05.08.2016 | 14 |
| 29 | | 599 | 23.07.2016 | 07 |
| 30 | | 593 | 22.07.2016 | 19 |
| 31 | | 662 | 19.07.2016 | 18 |
| 32 | | 546 | 12.09.2016 | 16 |
| 33 | | 539 | 09.07.2016 | 11 |
| 34 | | 538 | 09.07.2016 | 19 |
| 35 | | 512 | 04.07.2016 | 67 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 36 | | 493 | 21.06.2016 | 15 |
| 37 | | 441 | 01.06.2016 | 47 |
| 38 | | 341 | 04.05.2016 | 16 |
| 39 | | 323 | 27.04.2016 | 58 |
| 40 | | 276 | 06.04.2016 | 07 |
| 41 | | 275 | 06.04.2016 | 10 |
| 42 | | 274 | 06.04.2016 | 18 |
| 43 | | 267 | 04.04.2016 | 14 |

# मुख्यमंत्री शहरी नाली- गली योजना

मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना वित्तीय वर्ष 2016- 17 में वार्डवार चायनित योजना को बोर्ड से पारित कराकर विभागीय बेवसाइट पर अपलोड किया गया है।

**वार्ड संख्या** **चयनित योजना की संख्या** **वार्ड संख्या** **चयनित योजना की संख्या**

| | | |
|---|---|---|
| 09 | 09 | 06 |
| 23 | 10 | 22 |
| 11 | 11 | 11 |
| 11 | 12 | 09 |
| 07 | 13 | 11 |
| 10 | 14 | 12 |
| 09 | 15 | 06 |
| 11 | | |

मुख्यमंत्री शहरी नाली गली पक्कीकरण निश्चय योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016- 17 के अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 03/2016-17 पत्रांक 1064 दिनांक 11.11.2016 द्वारा स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करने हेतु पत्र निर्गत किया गया है। जो विभागीय दिशा निर्देश के विपरित है। कार्यापालक पदाधिकारी कार्यापालक पदाधिकारी मुरलीगंज द्वारा बताया गया है कि मुख्यमंत्री निश्चय यात्रा के दौरान जिला पदाधिकारी मधेपुरा के मौखिक निदेश के आलोक में उक्त कार्य किया गया है। उक्त निविदा द्वारा 15 योजना का प्रकाशन किया गया है। प्रत्येक वार्ड में 01- 01 योजना लिया गया है। 07 योजनाओं में कायदिश निर्गत कर दिया गया है।

इसमें से एक अभिलेख का अवलोकन किया गया जो नगर पंचायत मुरलीगंज अन्तर्गत वार्ड संख्या 04 में शंभू प्रसाद के घर से रजनी के घर तक पी0सी0सी0 सड़क एवं नाला निर्माण की योजनाओं में कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है। अभिलेख के साथ C/S चाट, प्राक्कलन, BOQ निविदा आमंत्रण की सूचना प्रति, शर्त की प्रति एवं संवेदक द्वारा जमा किया गया पेन कार्ड, वेटर पहचान पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, निबंधन प्रमाण पत्र, सुरक्षित जमा राशि का पासबुक अभिलेख में संधारित है। उक्त योजना

का प्राक्कलित राशि 582800.00 रूपया का है। संवेदक द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शेष योजना जिसका कार्यादेश निर्गत कर दिया गया है। निम्नलिखित है।

| क्र0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | वार्ड न0 09 में शशिभूषण भगत के घर से हरिद्वार चौक तक R.C.C. नाला ढ़क्कन सहित निर्माण कार्य। | 14वी0 वित्त आयोग | 618200.00 |
| 02 | बी0एल हाई स्कूल के प्रांगण में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य। | बी0आर0जी0एफ0 | 1482000.00 |
| 03 | वार्ड न0 03 में दास जी के कल्भर्ट से दीपचन्द करनानी के घर के पिछे तक नाला निर्माण कार्य। | पंचम वित्त आयोग | 1108000.00 |
| 04 | वार्ड न0 14 में गजेन्द्र यादव के घर से प0 शिव मंदिर तक नाला एवं P.C.C सड़क निर्माण कार्य। | पंचम वित्त आयोग | 1000000.00 |
| 05 | वार्ड न0 08 में छुतहरू साह के घर से लालो साह के घर तक P.C.C सड़क निर्माण कार्य। | पेशाकर | 600000.00 |
| 06 | वार्ड न0 13 में घनश्याम साह के घर से पश्चिम P.C.C सड़क प्रमोद शर्मा के घर तक P.C.C सड़क सह पक्का नाला प्लेट सहित निर्माण कार्य। | 13वी0 वित्त आयोग | 1000000.00 |

## मुख्यमंत्री "नल जल" निश्चय योजना

मुख्यमंत्री नल जल निश्चय योजनान्तर्गत ई0 टेन्डरिंग संख्या 05/2016-17 किया गया है। निविदा प्रकाशन हेतु पत्र निर्गत की तिथि 28.01.2017 है, संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की तिथि 18.02.17 है। तकनीकी बीड खोलने की तिथि 21.02.17 को 15:30 में है उसी दिन वित्तीय बीड भी खोला जायगा। कुल 14 योजनाओं का ई0 टेन्डर प्रकाशित किया गया है।

निविदा सूचना प्रकाशित हेतु सूचना एवं जन संपर्क विभाग को भी भेजा गया है जिसका ज्ञापांक 77 दिनांक 28.01.17 है। इसमें कुल 3425 परिवार के लिए निविदा प्रकाशित किया गया है। जिसका प्राक्कलित राशि मो0 3,20,58,000.00 (तीन करोड़ बीस लाख अन्ठावन हजार) रूपया का टेन्डर निकाला गया है।

6.2.17

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार ,पटना।

ज्ञापांक 760 पटना दिनांक. 06/02/17

प्रतिलिपि :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मुरलीगंज को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री अमितेश कुमार, आई०टी०, प्रबंधक, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

6-2-17

विशेष सचिव
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार ,पटना।